परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009 (U.P.) India
Accredited A++ by NAAC
Website://ddugu.ac.in

पत्रांकः 7953.../प0नि0का0/2024 दिनांक 19/10/2024

अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की आकस्मिक बैठक दिनांक 08/10/2024 को स्नातक कला एवं वाणिज्य संकाय के कतिपय विषयों में प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर परीक्षा समिति द्वारा निम्न निर्णय लिया गया–

क्र0सं0	एजेन्डा एवं निर्णय
बिन्दु 1	अध्यक्ष, वाणिज्य विभाग के पत्र दिनांक 05/10/2024 के द्वारा परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21/08/2024 के बिन्दु सं0 9 में लिए गये निर्णय के अनुपालन में वाणिज्य संकाय के विभिन्न विषयों में स्नातक स्तर की (बी0बी0ए0 को छोड़कर) प्रायोगिक/मौखिकी/प्रोजेक्ट परीक्षा के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जाना प्रस्तावित है– (क) वाणिज्य संकाय के विषयों (स्नातक स्तर) की विभिन्न सेमेस्टर में मौखिक/प्रोजेक्ट/प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन आंतरिक परीक्षक द्वारा किया जाय तथा अन्य सभी नियम सम्बन्धित विषयों के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही रहेंगे। (ख) प्रायोगिक/मौखिकी/प्रोजेक्ट परीक्षा के मूल्यांकन में 80 से अधिक अंक देने पर सम्बन्धित परीक्षक को विशेष आख्या एवं वीडियो रिकार्डिग, अंक के साथ प्रस्तुत करना होगा। मूल्यांकन में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की संख्या में पंजिकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 30 प्रतिशत से अधिक होने की दशा में स्वतः संज्ञान लेकर परिणाम पर पुनः विचार करते हुए अंक की समीक्षा विश्वविद्यालय/विभागाध्यक्ष के माध्यम से होगी और आवश्यक होने पर अंक परिवर्तित किये जायेंगे। (ग) अंतिम सेमेस्टर के मौखिकी/प्रायोगिक/प्रोजेक्ट के मूल्यांकन के उपरांत प्रोजेक्ट एवं अंक पत्र विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। **निर्णय– समिति द्वारा सर्वसम्मति से उपरोक्त बिन्दु (क) एवं (ग) पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि वाणिज्य संकाय के स्नातक स्तर की (बी0बी0ए0 को छोड़कर) प्रायोगिक/मौखिकी/प्रोजेक्ट परीक्षा आन्तरिक परीक्षक द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। आन्तरिक परीक्षा में किसी छात्र को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्रदान करने की स्थिति में 80 प्रतिशत से उपर अंक प्रदान किये जाने के औचित्य को आन्तरिक परीक्षक द्वारा लिखित रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा प्रति हस्ताक्षरित पत्र द्वारा विश्वविद्यालय को अवगत कराये जाने की संस्तुति की साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में प्रोजेक्टकी मूल प्रति प्रयोगात्मक उत्तर पुस्तिका की भांति विश्वविद्यालय में प्रस्तुत की जायेगी। समस्त प्रायोगिक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा की जियो टैगिंग दो फोटो के साथ (छात्रो के साथ) की जायेगी।**

बिन्दु 2	**अधिष्ठाता, कला संकाय के पत्र दिनांक 08/10/2024 के द्वारा परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21/08/2024 के बिन्दु सं0 9 में लिए गये निर्णय के अनुपालन में कला संकाय के विभिन्न विषयों में स्नातक स्तर की (भूगोल, मनोविज्ञान, ललित कला एवं संगीत विभाग को छोड़कर) प्रायोगिक/मौखिकी/प्रोजेक्ट परीक्षा के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जाना प्रस्तावित है–** (क) कला संकाय के स्नातक स्तर में समस्त विषयों (भूगोल, मनोविज्ञान, ललित कला एवं संगीत विभाग को छोड़कर) की विभिन्न सेमेस्टर में मौखिक/प्रोजेक्ट/प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन आंतरिक परीक्षक द्वारा किया जाय तथा अन्य सभी नियम सम्बन्धित विषयों के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही रहेंगे। (ख) प्रायोगिक/मौखिकी/प्रोजेक्ट परीक्षा के मूल्यांकन में 80 से अधिक अंक देने पर सम्बन्धित परीक्षक को विशेष आख्या एवं वीडियो रिकार्डिंग, अंक के साथ प्रस्तुत करना होगा। मूल्यांकन में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की संख्या में पंजिकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 30 प्रतिशत से अधिक होने की दशा में स्वतः संज्ञान लेकर परिणाम पर पुनः विचार करते हुए अंक की समीक्षा विश्वविद्यालय/विभागाध्यक्ष के माध्यम से होगी और आवश्यक होने पर अंक परिवर्तित किये जायेंगे। (ग) अंतिम सेमेस्टर की मौखिकी परीक्षा लिखित रूप में (वस्तुनिष्ठ अथवा लिखित रूप में) कराया जाय। (ग) अंतिम सेमेस्टर के मौखिकी एवं प्रोजेक्ट की लिखित उत्तर पुस्तिकाएं वार्षिक उत्तर पुस्तिकाओं के साथ विश्वविद्यालय में जमा की जाय। **निर्णय– समिति द्वारा सर्वसम्मति से उपरोक्त बिन्दु (क) एवं (ग) पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि कला संकाय के स्नातक स्तर में समस्त विषयों (भूगोल, मनोविज्ञान, ललित कला एवं संगीत, सांख्यिकी, गणित, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन, कम्प्यूटर साइंस, गृह विज्ञान विभाग को छोड़कर) की विभिन्न सेमेस्टर में मौखिक/प्रोजेक्ट/प्रायोगिक परीक्षा आन्तरिक परीक्षक द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। आन्तरिक परीक्षा में किसी छात्र को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्रदान करने की स्थिति में 80 प्रतिशत से उपर अंक प्रदान किये जाने के औचित्य को आन्तरिक परीक्षक द्वारा लिखित रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा प्रति हस्ताक्षरित पत्र द्वारा विश्वविद्यालय को अवगत कराया जाने की संस्तुति की साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में प्रोजेक्ट की मूल प्रति प्रयोगात्मक उत्तर पुस्तिका की भांति विश्वविद्यालय में प्रस्तुत की जायेगी। समस्त प्रायोगिक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा की जियो टैगिंग दो फोटो के साथ (छात्रो के साथ) की जायेगी।**

मा0 कुलपति जी के आदेश/अनुमोदन दिनांक 19/10/2024 के क्रम में उपरोक्त से अवगत होते हुए अग्रेतर कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी।

19/10/2024
परीक्षा नियंत्रक
19/10/24

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, दी0द0उ0गो0वि0वि0गोरखपुर।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय ,दी0द0उ0गो0वि0वि0गोरखपुर।
3. अधीक्षक, परीक्षा सामान्य/परीक्षा गोपनीय।
4. प्रभारी, आई0टी0सी0 सेल।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय मीडिया।
6. प्रभारी, कोडिंग एवं परीक्षाफल एजेन्सी ।
7. वै0 सहायक, कुलसचिव,दी0द0उ0गो0वि0वि0गोरखपुर।
8. प्रभारी, निजी–सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

19/10/2024
परीक्षा नियंत्रक
19/10/24